कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 17.11.2024

विषय:- थाना रामनगर पुलिस द्वारा मोबाइल छिनैती करने वाले अंतर्जनपदीय कुल 04 अभियुक्त व एक बाल अपचारी गिरफ्तार, 08 अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0215/2024 धारा- 304(2) बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त 1. शिवम मिश्रा पुत्र धर्मानंद मिश्रा निवासी सरेसर धूस खास थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 19 वर्ष, 2. साहिल कुमार पुत्र रविकान्त नि0 अलीनगर थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 19 वर्ष, 3. प्रियान्सू कुमार पुत्र प्रदीप कुमार नि0 अलीनगर थाना अलीनगर जनपद चन्दौली उम्र 18 वर्ष, 4. एक बाल अपचारी 15 वर्षीय को दिनांक- 17.11.2024 समय 11.35 बजे, गिरफ्तारी का स्थान- 52 बीघा मैदान थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी तथा 5. अनिकेत पुत्र अशोक कुमार नि0 परसुरामपुर थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र 28 वर्ष **(मोबाइल खरीदने वाला)** को दिनांक- 17.11.2024 को चन्दौली से गिरफ्तार किया गया तथा कुल 08 अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण– दिनांक 16/11/2024 को आवेदक/वादी मुकदमा श्री राजू ने लिखित सूचना दिया कि दिनांक 16/11/2024 को सुबह के समय पेपर बाटने साहित्यनाका मोड़ पर जा रहा था कि मोटर साइकिल हीरो HF Delux रंग काला जिस पर सफेद व लाल रंग की पट्टी लगी हुई थी नम्बर प्लेट कपड़े से ढ़का था उस पर सवार 04 व्यक्ति द्वारा वादी का मोबाइल फोन वीवो माडल 1906 मोबाइल का रंग नीला एकाएक झपट्टा मारकर लेकर भाग गये। इस सम्बन्ध में वादी मुकदमा द्वारा थाना रामनगर पर लिखित सूचना दिया गया। वादी मुकदमा के लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0215/2024 धारा 304(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी से पूछताछ विवरण :- पूछने पर अभियुक्तगण 1.शिवम मिश्रा 2.साहिल कुमार 3.प्रियान्शू कुमार 4.बाल अपचारी ने पूछने पर बता रहे है कि हम लोग अपराध करते समय मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट पर कपड़ा बांध देते है जिससे कि राहगीरों से छीना झपटी करते समय कोई हम लोगों के मोटर साइकिल का नम्बर ना देख पाये। कड़ाई से पूछने पर बताया कि हम लोग कई जगह से कई मोबाइल फोन छीने है। सभी जगह ठीक से याद नही है। हम लोग चोरी किये गये मोबाइल फोन को मुगलसराय बाजार में अनिकेत के दुकान पर बेच देते है। कुछ मोबाइल फोन अभी अभी हम लोग उसको बेचे है जो उसी के पास है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी का विवरण :-</u>

1. शिवम मिश्रा पुत्र धर्मानंद मिश्रा निवासी सरेसर धूस खास थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 19 वर्ष।
2. साहिल कुमार पुत्र रविकान्त नि0 अलीनगर थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र करीब 19 वर्ष।
3. प्रियान्सू कुमार पुत्र प्रदीप कुमार नि0 अलीनगर थाना अलीनगर जनपद चन्दौली उम्र 18 वर्ष।
4. एक बाल अपचारी
5. अनिकेत पुत्र अशोक कुमार नि0 परसुरामपुर थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र 28 वर्ष। **(मोबाइल खरीदने वाला)**

<u>बरामदगी का विवरण:-</u>

1. 08 अदद भिन्न कम्पनियों के एण्ड्रायड मोबाइल फोन
2. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स रंग लाल जिसके नंबर प्लेट पर सफेद रंग का कपड़ा बंधा हुआ पंजीकरण संख्या UP 67 Z 3234

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का दिनांक, समय व स्थान :-</u> दिनांक 17.11.2024 समय 11.35 बजे, गिरफ्तारी का स्थान- 52 बीघा मैदान थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी तथा अभियुक्त अनिकेत पुत्र अशोक कुमार **(मोबाइल खरीदने वाला)** की गिफ्तारी का दिनांक- 17.11.2024 व स्थान- चन्दौली।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-</u>

1. प्र0नि0 श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री राकेश कुमार चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री अमित शर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. उ0नि0 श्री सुधीर कुमार यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 उमाकान्त चौबे थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 अश्वनी सर्विलांस सेल थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 गंगा प्रसाद वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 पिन्टू गौड़ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।